## खबर संक्षेप

### 3 मरीजों को दिलाई 1 लाख 65 हजार की मदद

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने जिले के 3 मरीजों को 1 लाख 65 हजार की आर्थिक मदद मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से दिलाई है। सांसद के प्रयासों से इन तीनों मरीजों को आर्थिक सहायता मिलने से अस्पतालों में बेहतर इलाज हो सकेगा। विगत दिनों मरीज के परिजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर ईलाज के लिए आर्थिक सहायता के लिए निवेदन किया था। सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी को पत्र प्रेषित कर मरीजों को इलाज के लिए सहायता राशि दिलाने के अनुरोध किया जिसके आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने उनकी स्वेच्छानुदान निधि से छिंदवाड़ा जिले के अंतर्गत मोहखेड़ तहसील तंसरा निवासी दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा को 40 हजार एवं छिंदवाड़ा जिले के ही परासिया के वार्ड क्रमांक 5 कबीर जोन निवासी महजबी मंसूरी पिता समसुल अहमद को 75 हजार, वही छिंदवाड़ा शहर के विवेकानंद कॉलोनी विकास नगर निवासी अशोक यादव पिता विष्णु प्रसाद यादव को 50 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।
आर्थिक सहायता मिलने पर मरीज और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री और सांसद का आभार व्यक्त किया है।

### सलैया में कुएं का किया गया गहरीकरण

**छिंदवाड़ा।** जल संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड हर्रई के ग्राम स्वामी सलैया में कुएं के गहरीकरण का कार्य जनभागीदारी से जारी है। जिला कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देश पर यह अभियान मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा द्वारा संचालित किया जा रहा है। परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक श्री आशीष नेमा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को अभियान के दूसरे दिन ग्रामीणों एवं युवाओं की सहभागिता से कुएं का गहरीकरण कार्य संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के परामर्शदाता शिवकुमार ऊईके, श्री दीपक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### कलेक्टर श्री सिंह ने ली स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक

# एएनएम, सुपरवाइजर का कटेगा वेतन, बीएमओ को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. शास्त्री, सिविल सर्जन डॉ नरेश गोन्नाडे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.एल.एन. साहू, जिला क्षय अधिकारी डॉ.अर्चना कैथवास, एस.एन.सी.यू. नोडल अधिकारी डॉ.अशु लंबा, जिला स्वास्थ्य मीडिया अधिकारी डॉ.प्रमोद वासनिक एवं सभी कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी तथा विकासखंडों के खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, बीसीएम एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास डॉ.हेमन्त छेकर तथा समस्त विकासखंडों के सीडीपीओ उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सिंह ने छिन्दवाड़ा एवं अमरवाड़ा ब्लॉक अंतर्गत बीते दिनों हुई मातृ मृत्यु की घटनाओं पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने इन घटनाओं के लिए दोनों ब्लॉक की एएनएम और सुपरवाइजर की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने तथा संबंधित बीएमओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही मेडिकल ऑफिसर पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। श्री सिंह ने सख्त लहजे में कहा कि गर्भवती महिलाओं, विशेषकर उच्च जोखिम वाली महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आशा कार्यकर्ताओं द्वारा काउंसलिंग में लापरवाही पाए जाने पर भी सख्त कार्यवाही की जाएगी।

#### उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के नियमित रूप से फॉलो

अप और स्वास्थ्य समीक्षा करने के भी निर्देश जारी किए गए। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं का हीमोग्लोबिन 8 या उससे कम है, उनके घर हर हफ्ते विजिट अनिवार्य है। जब तक हीमोग्लोबिन 10 या उससे अधिक न हो जाए, तब तक यह प्रक्रिया जारी रखी जाए। साथ ही, जोखिम से बाहर आने के बाद भी फॉलो-अप जारी रखने के निर्देश दिए।

#### अपने कार्य के प्रति संवेदनशील बने स्वास्थ्य कार्यकर्ता

कलेक्टर श्री सिंह ने अंडरवेट गर्भवती महिलाओं (जिनका वजन 45 किलोग्राम या उससे कम है) के लिए भी साप्ताहिक विजिट अनिवार्य करने और उनकी सही तरीके से काउंसलिंग सुनिश्चित करने को कहा है। इसके अतिरिक्त, सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित महिलाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए हैं। अनमोल 2.0 के अंतर्गत डिलीवरी स्टेटस समय पर दर्ज न करने वाले ऑपरेटरों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए। श्री सिंह ने सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने कार्य के प्रति अधिक संवेदनशील और जिम्मेदार बनें, तथा गर्भावस्था के दौरान माताओं को पर्याप्त देखभाल और पोषण सहायता सुनिश्चित करें।

#### लापरवाहों पर कार्यवाही के निर्देश

बैठक में बीएमओ पिंडरईकला डॉ. पुष्पा रानी सिंह और बीएमओ बिछुआ डॉ.नीलेश सिद्दाम बिना सूचना के अनुपस्थित थे, जिन पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने उनका एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। मेडिकल ऑफिसर रोहनाकला और जमुनिया द्वारा रेफरल योग्य नहीं होने पर भी बार - बार केसेस रेफर करने पर उन्हें नोटिस जारी करने तथा ब्लाइंडनेस प्रोग्राम में कैटरैक्ट सर्जरी के लक्ष्य पूर्ण न करने पर नोडल ऑफिसर का एक माह का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए गए। इसके साथ ही, जिन अधिकारियों द्वारा भ्रमण रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई उनका एक दिन का वेतन भी रोका गया है।

#### अन्य महत्वपूर्ण निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने पोषण ट्रैकर के डेटा को नियमित रूप से अपडेट करने तथा महिलाओं और बच्चों की पोषण स्थिति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके लिए सुपरवाइजर और सीडीपीओ की विशेष ट्रेनिंग आयोजित करने के निर्देश दिए गए। ऑपरेशन सिन्दूर के बाद देश में निर्मित स्थितियों के दृष्टिगत अस्पताल सुविधाओं को अद्यतन बनाए रखने पर भी बल दिया गया ताकि आपातकालीन स्थिति में कोई असुविधा न हो। अंतरा फाउंडेशन द्वारा भी बैठक में रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत किए गए, जिन्हें गंभीरता से लिया गया। बैठक में लाडली लक्ष्मी योजना और समेकित बाल संरक्षण योजना की भी समीक्षा की गई और इन योजनाओं के लाभार्थियों को समुचित सेवाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

## सीएमएचओ ने प्रचार-प्रसार के लिए डेंगू रथ को दिखाई हरी झंडी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में प्रचार-प्रसार के लिये डेंगू रथ को आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एन.के.शास्त्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त समीक्षा बैठक में डेंगू की रोकथाम तथा नियंत्रण पर चर्चा की गई, इसके साथ ही साथ सभी विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। साथ ही नगर पालिक निगम के अंतर्गत सुपरवाइजर को डेंगू रोकथाम या नियंत्रण संबंधी तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला छिंदवाड़ा ने अपील की है कि डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर है, जो मनुष्य निर्मित कंटेनर जैसे सीमेंट के टांके, टंकियां, प्लास्टिक ड्रम, कूलर, फ्रिज, टायर्स आदि में इकट्ठे साफ पानी में पनपते है। पानी से भरे इन कंटेनरों को प्रति सप्ताह खाली कर रगड़कर साफ करें। पानी से भरे कंटेनर को अच्छी तरह से ढाक कर रखें। जिन कंटेनर को खाली करना संभव न हो उनमें मीठा तेल प्रति सप्ताह डालें। दिन में कार्यालयों या घर पर पूरी आस्तीन के कपड़े पहने, क्योंकि ये मच्छर दिन में काटते है। दिन में सोते समय मच्छरदानी के अंदर आराम करें। डेंगू के सामान्य लक्षण तेज बुखार, सरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, शरीर पर दाने या चकते आने पर जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा एवं मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क रक्त की जांच कराए।

## एकलव्य आदर्श हर्रई के विद्यार्थियों ने 10वीं और 12वीं में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं (Competitive Exam) को ध्यान में रख कर योजना बनाई है, ताकि विद्यार्थी रोजगार के क्षेत्र में और बेहतर प्रदर्शन कर सकें ।_ हर्रई । एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, हर्रई ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। 13 मई को घोषित सीबीएसई परीक्षा परिणामों में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे समुदाय का नाम रोशन किया है।इस वर्ष कक्षा 10वीं की परीक्षा में कुल 68 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिनमें से 67 छात्र उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का कुल परिणाम 98.5 % रहा। जो राष्ट्रीय औसत 93.66% से लगभग 5% अधिक है। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आरजू उईके ने 84.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा दीक्षा धुर्वे तथा छात्र शनी पचालिया ने 83.6 % अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है ।तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अनुराधा मसराम ने 83.2 % अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में 77 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिसमें प्रतिशत 98.7 % रहा। पिछले वर्ष की तुलना में यह प्रदर्शन लगभग उत्कृष्ट रहा। छात्रा ओमकुमारी यादव ने 80.40% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा विमलता इनवाती ने 79.6% अंक प्राप्त किए। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा गायत्री पंद्राम ने 76.60% अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्राचार्य श्री धरम राज ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं (Competitive Exam) को ध्यान में रख कर योजना बनाई है, ताकि विद्यार्थी रोजगार के क्षेत्र में और बेहतर प्रदर्शन कर सकें।₹शिक्षकों और अभिभावकों की मेहनत का परिणाम₹ उन्होंने कहा कि स्कूल में साइंस, आट्र्स, और वाणिज्य की शिक्षा दी जा रही है । साथ ही विद्यालय में सायंकाल नियमित रूप से आईआईटी एवं नीट की अतिरिक्त कक्षाएँ चल रही हैं । जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी मेडिकल , इंजीनियरिंग और प्रोफेशनल एजुकेशन के लिए चयनित हो सकें ।

## सुख-दुख के कार्यक्रम में पहुंचे सांसद बंटी साहू

**जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी रहे मौजूद**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू जिले में सुख दुख के कार्यक्रम में पहुंचे। सांसद ग्राम कुहिया पहुंचे और श्री जयराम कुशवाहा की पत्नी एवं जितेंद्र कुशवाहा तथा शुभम कुशवाहा की माता श्री स्वर्गीय श्रीमती सुनीता बाई कुशवाहा के गंगा पूजन में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद श्री साहू जिला भाजपा उपाध्यक्ष नीरज बंटी पटेल को जन्मदिन की बधाई देने उनके गृह ग्राम शहपुरा पहुंचे और शुभकामनाएं देकर उनका मुंह मीठा कराया ।सांसद चौरई विधानसभा के सोशल मीडिया प्रभारी पंकज साहू की माता श्री स्वर्गीय श्रीमती पुष्पा साहू जी के निधन के उपरांत उनके गृह ग्राम सीतापार पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। सांसद जी के साथ पूर्व विधायक रमेश दुबे, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शैलेंद्र बबलू पटेल, विधानसभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सरोज राधेश्याम रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा जैन, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती शैल कुमारी कमलेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष मदन राय, विजेंद्र ठाकुर, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष वीरपाल इवनाती, रहस्य वर्मा, ईश्वर पटेल, पप्पू सोनी, गोविंद दंताले, मदन ठाकुर, राजा जैन, महेंद्र वर्मा, गोलू तिवारी, घनश्याम शर्मा, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद थे। संवेदनशील सांसद श्री साहू चौरई के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता आशीष वर्मा के दादाजी परलोक वासी स्वर्गीय शोभाराम सुलखिया जी के गंगा पूजन में पहुंचे और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ में जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के प्रति अपनत्व का भाव रखने वाले सांसद इकलहरा के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता भीकम साहू जी के सुपुत्र मुकुल साहू के विवाह समारोह में सम्मिलित होने उनके इकलहरा स्थित निवास पहुंचे।

## अश्वगंधा की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए चलाया अश्वगंधा कैंपेन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तामिया

आयुष विभाग द्वारा संपूर्ण जिले देवारण्य योजना के अंतर्गत औषधि महत्व के पौधे अश्वगंधा की खेती को प्रोत्साहित करने हेतु अश्वगंधा कैंपेन चलाया जा रहा है जिला आयुष अधिकारी के मार्ग दर्शन में तामिया, बिजोरी ,साजकुही में डॉ धर्मेन्द्र कुमार मरावी द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कृषकों,वन समितियों,स्वसहायता समूहों को अश्वगंधा खेती की जानकारी प्रदान की गई इसकी उन्नत किस्म,फसल की पैदावार ,किस्म,फसल की लागत,उससे होने वाले लाभ की जानकारी प्रदान की गई ।आयुष्मान आरोग्य मंदिर साजकुही द्वारा निरांतर स्वास्थ शिविर का आयोजन,आयुष क्योर ऐप, देवरण्य योजना, सुप्रजा योजना,कुपोषण से सुपोषण की ओर शिविर, दिनचर्या,रितुचर्या ,स्क्रीनिंग,मानसिक स्वास्थ्य, गर्भावस्था एवं शिशु संबंधित रोगों से बचाव की जानकारी निरंतर जन मानस को प्रदान की जा रही है। शासन की योजनाओं का लाभ सभी जन मानस को प्राप्त हो इस हेतु डॉ प्रियंका धुर्वे जिला आयुष अधिकारी,डॉ धर्मेन्द्र कुमार मरावी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, रामकुमार डेहरिया आदि मौजूद रहे।

## संभागीय कमिश्नर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**सभी जिलों के कलेक्टर्स के साथ विभिन्न विषयों पर ली समीक्षा बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



जबलपुर संभाग के संभागीय कमिश्नर श्री धनंजय सिंह भदौरिया ने आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स के साथ विभिन्न विषयों पर समीक्षा बैठक ली।

संभागीय कमिश्नर श्री भदौरिया ने एजेंडा बिंदु अनुसार राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों की समीक्षा, राज्य सेवा के अधिकारियों की शासन स्तर पर लंबित शिकायतें, सीएम हेल्पलाईन, ई-ऑफिस के संचालन के संबंध में, पर्वों के दौरान लॉ एंड ऑर्डर, कमिश्नर न्यायालय में आवश्यक रिकॉर्ड भेजना, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अनुसार प्रकरणों के निराकरण, समाधान एक दिवस प्रकरणों के निराकरण, ई-केवायसी कार्य, रबी उपार्जन फसलों की खरीदी, धान मिलिंग, नरेगा के लेबर बजट की प्रगति, पी.एम.ए.वाई. (ग्रामीण) वर्ष 2024-25 के लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति, गंगा जल संवर्धन अभियान, सम्पर्कता सर्वे अभियान, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, एससी,एसटी, ओबीसी छात्रवृत्ति वितरण,मुख्यमत्री लाड़ली बहना योजना से लाभांवित ऐसी महिलाएं जिनकी मृत्यु हो चुकी है उनकी समग्र आईडी अपडेट कराने तथा प्रधानमंत्री मातृवन्दना कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा - निर्देश दिए । इस दौरान कलेक्टर कार्यालय छिन्दवाड़ा के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार सहित अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में उपस्थित थे।

### ज्ञापन सौंपकर एनआईए से जाँच कराने की रखी मांग

# लव जिहाद के खिलाफ सकल हिंदू समाज हुआ एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



प्रदेश के कई हिस्सों में एकाएक लव ज़िहाद की घटनाएँ प्रकाश में आई हैं। विधर्मियों द्वारा हिंदू समाज की युवतियों, महिलाओं और बच्चियों को धर्म छिपाकर प्रेम जाल में फँसाकर उनका शारीरिक शोषण किया जा रहा है और ब्लैकमेल किया जा रहा है। लव ज़िहाद की इन घटनाओं के तार अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क से भी जुड़ने की जानकारी मिली है। इसीलिए सकल हिंदू समाज ने शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप लव ज़िहाद की घटनाओं की जाँच एनआईए से करवाने की माँग करी। ज्ञापन में यही भी माँग की गई कि पोर्न वीडियो वायरल होने पर फरियादी के सामने न आने पर भी शासन को स्वतः संज्ञान लेकर अपराध दर्ज करना चाहिए। भोपाल में पूरा गिरोह और रीवा के बिछिया थाने में घटित लव ज़िहाद के मामले में पूरा परिवार लिप्त था। अतः ऐसे मामलों में संगठित अपराध के अंतर्गत मामला दर्ज किया जाना चाहिए।इंदौर में टेली परफार्मेंस के कर्मचारियों द्वारा युवतियों के दस्तावेज ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के नाम पर लिए गए और फिर उपलब्ध डेटा से उन्होंने लव जिहाद की घटनाओं को अंजाम दिया। अतः भविष्य में किसी भी योजना के अंतर्गत दस्तावेजों को डिजिटल रूप से मांगे जाने की भी ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई। भोपाल के टीआईटी कॉलेज की वे छात्रायें जो लव जिहाद का शिकार हुईं वे अनाथ हैं, अतः उन्हें सुरक्षा और आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने की भी माँग की गई। साथ ही मध्यप्रदेश स्वतंत्रता अधिनियम 2021 को सख्ती से लागू करने और लव ज़िहाद के आरोपियों को फाँसी की सजा देने की भी माँग की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान अनिल सिंघई, राकेश नामदेव, सचिन श्रीवास्तव, अजय सिंह राजपूत, संदीप चौहान, अभिषेक वर्मा, नीरज चौहान, अभिषेक श्रीवास्तव, अमित रिंकू नेमा, स्वेतल शर्मा, संजय पंजवानी, मनीष पटेल, दीप गुप्ता, अनूप साहू, दिनेश शुक्ला, अमित चौरसिया और सुरेश आरसिया सहित सकल हिन्दू समाज के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हर्रई, जिला- छिन्दवाड़ा**

**सत्र-2025-26**
**शैक्षणिक सत्र 2025-26 कक्षा-11 वीं में प्रवेश सूचना हेतु**
**कुल संभावित रिक्तियाँः 22 (विज्ञान संकाय / वाणिज्य संकाय / कला संकाय)**

कक्षा-11वीं में विज्ञान संकाय (Science Stream), वाणिज्य संकाय (Commerce Stream) एवं कला संकाय (Arts Stream) में संभावित - 22 रिक्तियां है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राएं जिन्होंने कक्षा- 10वीं उत्तीर्ण की है और एकलव्य विद्यालय में प्रवेश लेने के इच्छुक हैं, वे विद्यालय में आकर पंजीकरण (Registration) कराएं।
**प्रवेश प्रक्रियाः** * सर्वप्रथम विद्यालय आकर पंजीकरण (Registration) कराएं। * पंजीकरण के पश्चात मेधा सूची (Merit List) के आधार पर चयन किया जाएगा।
**महत्वपूर्ण निर्देशः** * परिणाम (मेरिट लिस्ट) घोषित होते ही विद्यालय में शीघ्र संपर्क करें।
* कक्षा-11वीं में प्रवेश पूर्णतः मेरिट लिस्ट के आधार पर चयन किया जाएगा।
**पंजीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज़ः-** * कक्षा-10वीं की मार्कशीट। * जाति प्रमाण पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र । * MPTAAS प्रोफाइल आई-डी।
प्रवेश कार्यक्रम निम्नानुसार है-

| क्र. | परीक्षा का विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय में आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि | 19/05/2025 | 10:00 AM से 1:40 PM |
| 2 | आवेदन करने की अंतिम तिथि | 26/05/2025 | 1:40 PM तक |
| 3 | मेरिट लिस्ट जारी करने की तिथि | 28/05/2025 | 10:00 AM |
| 4 | प्रवेश हेतु चयनित छात्रों की सूची जारी करने की तिथि | 30/05/2025 | 10:00 AM |
| 5 | प्रवेश प्रारंभ तिथि | 30/05/2025 | 10:00 AM |
| 6 | प्रवेश की अंतिम तिथि | 08/06/2025 | 1:40 PM तक । |

**नोटः** * चयन प्रक्रिया EMRS प्रवेश दिशानिर्देशिका 2025-26 के अनुसार होगी। * उपरोक्त रिक्तियों संभावित हैं जिनकी संख्या में बढ़ोत्तरी एवं कमी हो सकती है। * विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के प्रवेश उपरांत ही, शेष रिक्त सीटों पर अन्य छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। * अधिक जानकारी हेतु विद्यालय की वेबसाइट www.ermsharrai.org.in से प्राप्त करें।

## कूलर को बनाने में छात्रों को सप्ताह भर का समय लगा, लागत 85 से 90 हजार आई

# लैब में फैकल्टीज को ठंडक पहुंचाने छात्रों ने खर्च किए हजारों रूपये



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

पॉलीटेक्निक के छात्रों ने आम के आम गुठलियों के दाम कहावत को चरितार्थ किया है । छात्रों ने हजारों रूपये खर्च कर लैब फैकल्टीज को ठंडक पहुंचाने डक्टिंग कूलर लगाया है । जिससे छात्रों का प्रोजेक्ट भूरा हुआ और प्रोजेक्ट का उपयोग भी हो सकेगा ।बाजार में डक्टिंग एसी अक्सर देखने को मिलते हैं । इनका उपयोग बड़े - बड़े कार्यालयों में देखने को मिलता है , लेकिन अब खिरसाडोह पॉलीटेक्निक के मेकेनिकल ब्रांच के छात्रों ने डक्टिंग कूलर बनाया है । इस डक्टिंग कूलर को बनाने में छात्रों को सप्ताह भर का समय लगा और लागत 85 से 90 हजार आई है । जो इस ब्रांच के 42 छात्रों ने अपनी जेब से दिए । औसतन हर छात्र को दो से ढाई हजार का खर्च आया । छात्रों ने यह डक्टिंग कूलर बनाकर लैब रूम में लगाया है । छात्रों ने बताया , कि इस डक्टिंग कूलर को बनाने का आईडिया उन्हें उनके सीनियरों से मिला है । वहीं छात्रों ने यह भी बताया , कि फाइनल के छात्रों को प्रोजेक्ट बनाकर देना होता है , अमूमन एक प्रोजेक्ट को बनाने में 2 से 3 हजार का खर्च आता है , जिसे छात्रों को स्वयं वहन करना होता है । पूर्व में जिन छात्रों ने प्रोजेक्ट बनाए वे अनुपयोगी होकर कबाड़ में पड़े हैं । इसलिए उन्होंने सोचा , कि वे ऐसा प्रोजेक्ट बनाए जिसका उपयोग निरंतर किया जा सके । जिसके बाद उन्होंने सीनियरों की सलाह पर डक्टिंग कूलर बनाया और लैब रूम में लगा दिया । अब लैब में काम करने वाले फैकल्टीज ठंडी - ठंडी हवा ले सकेंगे । कालेज के प्रभारी प्राचार्य श्री पाटिल ने छात्रों के इस कार्य की सराहना की है ।

### सूत्र बता रहे कुछ और

छात्रों द्वारा बनाए ग ए प्रोजेक्ट को लेकर कालेज में अलग - अलग बातें चल रही है । सूत्र बता रहें हैं , कि छात्रों पर दबाव डाल कर यह प्रोजेक्ट बनवाया गया है , जबकि छात्रों साफ कहा , कि उन्होंने अपनी मर्जी से ये प्रोजेक्ट बनाया है । वहीं कुछ लोगों का कहना , है , कि सारे छात्रों ने ऐसे प्रोजेक्ट पर अपनी मेहनत और पैसा खर्च किया । यदि छात्र अलग - अलग प्रोजेक्ट बनाते तो कुछ नया सामने आता ।

# लोकमाता देवी अहिल्या की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर एके टांडेकर के मार्गदर्शन में लोकमाता देवी अहिल्या की 300 वी जयंती के अवसर पर नागरिक अनुशासन, विद्यार्थियों एवं युवाओं को बेहतर नागरिक के रूप में तैयार करने, उन्हें कर्तव्यों एवं दायित्वों के बोध की समझ विकसित करने तथा इसके विस्तार हेतु लोकमाता देवी अहिल्या पर केंद्रित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाना था इसी के अंतर्गत महाविद्यालय में निबंध एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान स्नेहा बीएससी, द्वितीय वर्ष, द्वितीय निहाल बीएससी द्वितीय वर्ष एवं तृतीय श्रेया बीएससी दितीय वर्ष प्राप्त किया। प्रश्न मंच में प्रथम स्थान मोहम्मद शेख रिजवान बीएससी द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पारूल बन्देवार एवं तृतीय स्थान आयुष नागले द्वारा प्राप्त किया गया। महाविद्यालय के वरिष्ठ का अध्यापक प्रोफेसर आरडी वाडिवा एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ रीना मेश्राम द्वारा देवी अहिल्या के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला एवं उनके द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में दिए गए योगदान एवं किए गए कार्य का बखान किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# दानवीर भामाशाह की जयंती पर राशन किट वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राष्ट्रीय तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर. के. शाहवाल सिंगरौली , प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर साहू दमोह , ट्रस्ट के विधि सलाहकार पुरुषोत्तम गुप्ता , भोपाल के मार्गदर्शन में तेली समाज के जिलाध्यक्ष भगवानदीन साहू के नेतृत्व में सामाजिक बंधुओं ने सैकड़ों गरीब , जरूरतमंदों को राशन किट भेंट कर बच्चों को भोजन करवाकर भामाशाह जयंती मनाई । इस अवसर पर श्री साहू ने बताया कि परम्दानवीर भामाशाह जी तेली समाज से थे । जब महान प्रतापी महाराणा प्रताप जी मुगलों से युद्ध कर रहे थे उस दौरान उनका राजपाठ छीन गया था । उनके आर्थिक हालात ठीक नहीं थे । ऐसी विपरीत परिस्थितियों में दानवीर भामाशाह जी ने उनकी आर्थिक सहायता की। परिणामस्वरूप महाराणा प्रताप युद्ध में विजयी हुई उनका राजपाठ वापस मिल गया । महान प्रतापी महाराणा प्रताप का जब भी जिक्र आता हैं तब - तब भामाशाह जी का त्याग भी याद आता है । भामाशाह जी ने उनकी संपत्ति का इतना धन दान दिया जिससे महाराणा प्रताप के 25000 सैनिकों का बारह वर्षों तक निर्वाह हो सके । दानवीर भामाशाह जी तेली समाज के गौरव रहे । इसलिए उनकी याद में समाज प्रतिवर्ष उनकी जयंती मनाकर गरीब जरूरतमंदों की सेवा करते हैं। इस अवसर पर ओमी साहू , दिलीप साहू , राधेश्याम साहू , हर्षवर्धन साहू , नितेश साहू (छिंदवाड़ा) , सुभाष साहू , हरीश साहू , अलकेश साहू ( बोरदेही ) सतीश साहू (दमुआ) , पवन साहू (हर्रई) , मुन्ना साहू , ओमनारायण साहू (उभेगाँव) , शम्भूदयाल साहू (गांगीवाड़ा) ,मनोज साहू (चोरई) आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# नाना ने सौंसर की समस्याओं को लेकर पालक मंत्री से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



सौसर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़ के द्वारा प्रदेश तरीके जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करते हुए ग्रामीण समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास कर रहे हैं,हाल ही मेंपूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड़ ने मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग एवं छिंदवाड़ा जिले के पालक मंत्री राकेश सिंह से सौजन्य भेंट की। पालक मंत्री से चर्चा के दौरान श्री मोहोड ने लोधीखेड़ा से ख़मारपानी मार्ग पर स्थित जाम नदी पर 18 करोड़ से पुलिया निर्माण की मांग की गई है,साथ ही लोधीखेड़ा समीप जाम नदी का पुलिया जीर्णशीर्ण होने का मांग पत्र में उल्लेख किया है। इसके अलावा सौसर विधानसभा क्षेत्र की ग्रामीण 5 सड़कों को स्वीकृति प्रदान करने की मांग रखी। चर्चा के दौरान श्री मोहड ने बताया जिले के पालक मंत्री श्री सिंह से चर्चा के दौरान विभिन्न समस्याओं से अवगत किया गया है जिस पर मंत्री जी के द्वारा भी सौसर विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण करने का आश्वासन दिया है,इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे, प्रशांत बापू ठाकरे, भाजपा नेता जगदीश त्रिवेदी, इन्द्रचन्द डागा आदि उपस्थित थे।

# नपा से गुम सामग्री की जांच हेतु कलेक्टर एसपी से मांग

**परासिया** :- नगर पालिका परासिया से गुम सामग्री की जांच की मांग नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर ने कलेक्टर और एस पी से की है । श्री बहादुर ने कलेक्टर को पत्र लिखा है , जिसमें अवगत कराया है , कि बीते दिनों भाजपा के कुछ पार्षदों ने नपा सी एम ओ साक्षी वाजपेयी से नगर पालिका कार्यालय से एक 65 इंच एल ई डी गुम होने की शिकायत कर जांच की मांग की , लेकिन अब तक उस मामले में कोई कदम नहीं उठाया गया है । श्री वीर बहादुर ने एल ई डी टी के अलावा दो आलमारी , दो टेबल , एक टेंकर भी गुम होने की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर से परासिया नपा में जो सामग्रियां क्रय की ग ई हैं उनकी जांच और भौतिक सत्यापन किए जाने की मांग की है ।

# बिना कार्यवाही के छूट गए जेसीबी एवं ट्रेक्टर

### ग्राम टेकरी में शासकीय तालाब से बिना अनुमति हो रहा था मुरूम का उत्खनन एवं परिवहन, ग्रामीणों ने तहसीलदार पर लगाया सांठगांठ का आरोप, सौंपा कलेक्टर के नाम ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत टेकरी में 15 मई की दोपहर में ग्राम सरपंच द्वारा अपने पद का दुरूप्योग करते हुये शासकीय भूमि सैगौर्रा तालाब गोसाईटोला मानपुर से मिट्टी एवं मुरूम की अवैध तरीके से खुदाई कराकर बिक्री करके आर्थिक लाभ अर्जित करने का कार्य किया जा रहा था जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा एसडीएम लांजी से की गई थी। जिस पर एसडीएम लांजी द्वारा तत्काल ही तहसीलदार को दल के साथ मौका स्थल पर रवाना किया गया था। उक्त कार्यवाही में तहसीलदार द्वारा एक जेसीबी मशीन एवं चार ट्रेक्टरों को जब्त कर तहसील कार्यालय में लाकर खड़ा किया गया था परंतु रात्रि में 8.30 बजे के बाद उक्त अवैध कार्य में लगे जेसीबी एवं 4 ट्रेक्टरों को जप्त करने के बाद बिना कार्यवाही के छोड़ देने दिया गया था, जिसकी तत्काल जांच व दण्डात्मक कार्यवाही होने के लिये 16 मई को ग्राम टेकरी एवं मानपुर के ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। उल्लेखनीय है की 15 मई को ग्राम पंचायत टेकरी के सरपंच प्रभुदयाल किरमे द्वारा ग्राम मानपुर के गोसाईटोला में स्थित शासकीय तालाब सैगौर्रा तालाब की बिना किसी प्रशासनिक अनुमति व सहमति प्राप्त किये जेसीबी मशीन से अवैध खुदाई कराकर मिट्टी एवं मुरूम का अवैध परिवहन कराकर अर्थात मिट्टी/मुरूम को बिक्री कर आर्थिक लाभ प्राप्त किया जा रहा था, जिसकी ग्रामवासियों के द्वारा श्रीमान तहसीलदार एवं एसडीएम लांजी को दूरभाष पर शिकायत दी गई थी, जिसके आधार पर तहसीलदार लांजी द्वारा शिकायत जांच हेतु मौका स्थल पर निरीक्षण किया गया, जिसमे सरपंच द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन पाये जाने पर तहसीलदार लांजी के द्वारा एक जेसीबी मशीन एवं 4 टेक्ट्ररो को जप्ती करके तहसील कार्यालय के प्रागंण मे रखा गया ।

**तहसीलदार की भूमिका संदिग्ध:** इस मामले में ग्रामीणों ने बताया की रात्रि करीब 8-9 बजे उक्त जप्तीसुदा जेसीबी मशीन एवं 4 टेक्ट्ररो को दोषियों पर दण्डात्मक कार्यवाही किये बगैर छोड़ दिया गया है, जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि तहसीलदार द्वारा दोषियों से सांठ गांठ कर ली गई हो या राजनितिक दबाव मे आकर उक्त वाहनों को छोड़ दिया गया है। चूँकि सरपंच द्वारा उक्त कार्य स्वयं के आर्थिक लाभ लेने हेतु किया गया है, जिसमे सरपंच के साथ-साथ उक्त जेसीबी मशीन एवं 4 टेक्ट्ररो के मालिक भी दोषी है, अतः प्रकरण की निष्पक्ष जांच किया जाकर उक्त प्रकरण मे दोषियों पर कार्यवाही की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्राम टेकरी एवं मानपुर के दौलत राम कोठारे, हंसराज सातपुते मधुकर सोनटेके,दीपक कोठारे, सेवक राम, अनंतराम,टूमेंद्र, सरिता, आम्रपाली, मनीष,सुनील किरमे, ऊषाबाई लटारे,बाबूराव सातपुते, छाया सातपुते, धनीराम कोठारे, संजय कोठारे सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# डीजे में नाचने को लेकर हुआ विवाद, 7 युवकों ने किया बारातियों पर हमला

### गांव में मीटिंग रखकर मामले को दबाने का प्रयास, पुलिस में दर्ज नहीं हो सकी शिकायत

हरिभूमि न्यूज लांजी।





वर्तमान में शादी विवाह का दौर चल रहा है जिसमें शराब के नशे में बारातों में डीजे की धुन पर थिरकना युवाओं के लिये फैशन बन चुका है परंतु ऐसे समय पर नशे की हालत में विवाद भी आम बात हो चुकी है। कुछ इसी तरह मामला जनपद क्षेत्र लांजी के देवरबेली चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम कंसुली का प्रकाश में आया है जहां मंगनु कुशरे निवासी कंसुली के यहां 14 मई को विवाह कार्यक्रम था जिसमें ग्राम रिसेवाड़ा से बारात पहुंची थी। परंतु बारात पहुंचने के समय डीजे में नाचने को लेकर देवलगांव के कुछ युवकों का बारातियों के साथ विवाद हो गया। जिसके बाद देवलगांव के आधा दर्जन से अधिक युवकों द्वारा तलवार और अन्य हथियारों के साथ ग्राम कंसुली पहुंचकर जमकर उत्पात किया गया और सामान तोडफ़ोड़ कर खाना भी खराब किया गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने युवकों की भी जमकर खबर लेते हुए जमकर पीटा, इसके बाद उन्हें रात भर बांधकर रखा और सुबह छोड़ा गया।

इस मामले मे सबसे हैरानी करने वाली बात यह है की ग्रामीणों और वै वा हि क का र्य क्र म वाले किसी भी लोगों द्वारा थाने में इस घटना की कोई शि का य त नहीं की और मामले को गांव की ही मीटिंग में सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार 15 मई को ग्राम कंसुली में आरोपी युवकों के परिजनों को बुलाकर कार्यक्रम में हुए नुकसान की भरपाई के रूप में एक लाख रूपये देने की मांग की गई परंतु हमलावर युवकों के परिजनों ने 70 हजार रूपये तक देने का आग्रह किया जिस पर कोई सहमति नहीं बन सकी। जबकि पीड़ित पक्ष को ग्राम में ही मामले को न निपटाकर पुलिस की मदद लेना चाहिए था।

### शारीरिक माप अभियान अंतर्गत 10 दिवसीय कार्यक्रम शुरू

**बालाघाट** । जिले की आंगनवाड़ियों में 13 मई से 23 मई तक 10 दिवसीय विशेष शारीरिक माप अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदीया ने जानकारी देते हुए बताया कि संचालनालय के निर्देशों पर आंगनवाड़ी के बच्चों की शारीरिक माप का कार्य प्रारम्भ किया गया है। इस अभियान को सम्बंधित परियोजनाओं के परियोजना अधिकारियों के निर्देशन में क्रियान्वित किया का रहा है। परियोजना अधिकारी शैलेंद्र चौकसे ने बताया कि चिन्हित बच्चों की विशेष देखभाल की जा रही है और उनके स्वास्थ्य की सतत निगरानी की जा रही है। इस कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 6 वर्ष के बच्चों का वजन और लंबाई/ऊंचाई का मापन किया जा रहा है,जिससे उनके पोषण स्तर की निगरानी की जा सके और कुपोषण के स्तर में सुधार लाया जा सके।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अर्थात नगरपालिका अधिकारियों-पार्षदों का फोटो सेशन अभियान

# तालाबों में फैली हुई हैं गंदगी, अतिक्रमण के कारण हो गया हैं रकबा कम, शासन के आदेशों की उड़ा रहे हैं धज्जियाॅ

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



प्रदेश सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए 30 मार्च से लेकर 30 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं, जिसमें जलीय क्षेत्र को संरक्षित करने, उसे अतिक्रमण से मुक्त करवाने और उसका संवर्धन करवाने का लक्ष्य नगर निगम, नगरपालिका, नगर परिषद व ग्राम पंचायतों को दिया गया हैं। इसके तहत नवीन तालाबों का निर्माण भी करवाने का लक्ष्य रखा गया हैं, जिससे जल संग्रहण किया जा सके।

लेकिन प्रदेश शासन के इस अभियान को भाजपानीत नगरपालिका परिषद वारासिवनी के पदाधिकारी व अधिकारीगण पलीता लगाने का कार्य कर रहे हैं। नगरपालिका वारासिवनी के क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान सिर्फ फोटो खिंचवाने व कागजों में ही जल संरक्षण व संवर्धन का कार्य करने तक सीमित हैं।

**एक घंटे में हो गई शंकर तालाब की सफाई:** नगरपालिका परिषद ने इस अभियान के तहत मंगलवार 13 मई 25 को नगर के हृदय स्थल वार्ड क्रमांक 15 में स्थित शंकर तालाब में स्वच्छता अभियान के तहत श्रम दान कर गाद व जलकुम्भी निकाले जाने की गतिविधि का आयोजन प्रातः 09 बजे से किया था। इस अभियान में नगरपालिका सीएमओ दिशा डेहरिया, पार्षद व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, पार्षदगण आशुतोष कोहाड़, प्रवीण डोंगरे, मदन धार्मिक, भाजपा के पदाधिकारीगण मिथलेश बुरडे, निलेश चौबे और नगरपालिका के कुछ कर्मचारियों द्वारा शंकर तालाब के एक हिस्से में स्थित जल कुंभी और गाद को निकालने का दिखावा करते हुए फोटो सेशन करवाया और लगभग एक घंटे में अभियान की समाप्ति कर वापस लौट गए। वहीं इस अभियान में नगरपालिका अध्यक्ष सरिता मनोज दांदरे सहित अन्य पार्षदों द्वारा किनारा कर लिया गया।

**फावड़ा चलाया, फोटो सेशन करवाया, ले ली रवानगी:** इन अधिकारियों, पार्षदों व अन्य लोगों के शंकर तालाब पहुॅचने के पूर्व नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने शंकर तालाब के एक हिस्से की सफाई कर दी थी और तालाब के किनारे में पड़े हुए कुछ झिल्ली व पन्नी को निकालने के साथ सडक़ से होकर तालाब में उतरने वाले वर्षा जल की नाली की सफाई कर दी थी। इन अधिकारियों, वार्ड पार्षद व तथाकथित जनप्रतिनिधिगणों ने कुछ देर शंकर तालाब के उस हिस्से में ठहर कर गाद निकालने के लिए फावड़े चलाए, फोटो सेशन करवाया और फिर वहाॅ से रवानगी ले ली। अभियान के बाद निरीक्षण में मिली शंकर तालाब के चारों ओर गंदगी ही गंदगी

नगरपालिका द्वारा चलाए गए इस अभियान के कुछ घंटे बाद जब मीडिया ने शंकर तालाब का निरीक्षण किया, तो शंकर तालाब के अन्य हिस्से गंदगी से बज बजा रहे थे। रहवासी मकानों के पीछे से लेकर गंगोत्री कालोनी के हिस्से तक कचरे का ढेर लगा हुआ था। तालाब के अंदर भी गंदगी भरी हुई थी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि नगरपालिका के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा किस प्रकार से प्रदेश शासन व नगर की जनता को बेवकूफ बनाया जा रहा हैं?

**जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करने बालाघाट, कटंगी, लांजी में हो रही कार्यवाही:** उल्लेखनीय हैं कि शासन ने इस अभियान के तहत तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त करने के आदेश भी जारी किए हुए हैं। जिसके तहत बालाघाट जिले के लॉजी, बालाघाट, कटंगी आदि नगरपालिका व नगर परिषद द्वारा अपने क्षेत्र में आने वाले तालाबों के अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही लगातार की जा रही हैं।

लेकिन वारासिवनी नगरपालिका में बैठी हुई अध्यक्ष सरिता मनोज दांदरे, पार्षदगण व अधिकारियों द्वारा तालाबों पर किए गए अतिक्रमणों को हटाने के स्थान पर उन्हें संरक्षण देने का कार्य किया जा रहा हैं। नगर के सबसे बड़े शंकर तालाब में लगभग 55 लोगों द्वारा अतिक्रमण कर मकान व झोपड़े बना लिए गए हैं, जिसको हटाने का आदेश लगभग 7 वर्ष पहले से कलेक्टर बालाघाट द्वारा दिया जा चुका है। वहीं वर्तमान समय में कलेक्टर बालाघाट ने जनसुनवाई में शिकायतकर्ता आनंद ताम्रकार के आवेदन के बाद शंकर तालाब के अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही करने का आदेश जारी किया हैं। लेकिन नगरपालिका अधिकारी उनके आदेश पर कुंडली मारकर बैठी हुई हैं।

इतना ही नहीं नगरपालिका परिषद वारासिवनी के पार्षद व लोक निर्माण समिति के पूर्व सभापति संदीप मिश्रा ने भी एक आवेदन आमा तालाब की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए सीएमओ दिशा डेहरिया को लगभग 3 माह पूर्व से दिया हुआ हैं। लेकिन उस आवेदन को भी सीएमओ ने रद्दी की टोकरी में फेंक दिया हैं। बताया जाता हैं कि इस मामले में सीएमओ ने अतिक्रमणकारी को एक नोटिस जारी किया था, जिसके जवाब में उसने गोलमोल बातें लिखकर जवाब प्रस्तुत किया था और अतिक्रमण को हटाने में उसे कोई परेशानी नहीं की बात भी लिखी थी। लेकिन उसके बावजूद भी सीएमओ ने आज तक अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही नहीं की हैं।

इन दो तालाबों के साथ ही वारासिवनी नगर पालिका के अंतर्गत अन्य 2 तालाब वार्ड नम्बर 8 व 9 में भी हैं। लेकिन इन दोनों तालाबों की हालत भी बेहद खराब हैं। वार्ड नम्बर 9 के तालाब में तो नगर का गंदा पानी जाता हैं, जिसके कारण वह तालाब पूरी तरह से प्रदूषित हो गया हैं। जिसकी सफाई के लिए लाखों रुपये का बजट तो नगरपालिका द्वारा खर्च किया जा रहा है, लेकिन उस पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की हिम्मत नगरपालिका की अध्यक्ष, पार्षदगण व अधिकारीगण नहीं दिखा पा रहे हैं।

**परिषद व अधिकारी जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराने में असफल:** फिलहाल तो शासन की मंशा के अनुरुप नगर के प्रमुख जल स्त्रोत शंकर तालाब, आमा तालाब, वार्ड नंबर 8 व 9 के तालाबों पर किए गए अतिक्रमणों को हटाकर उसे संरक्षित करने में नगरपालिका अध्यक्ष सरिता मनोज दांदरे, पार्षदगण व अधिकारीगण पूरी तरह से असफल सिद्ध हो रहे हैं। यहीं नहीं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाबों में दिखावे का सफाई अभियान चलाकर प्रशासन को गुमराह करने का कार्य भी कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### बाथरूम में लगी लैट्रिंग सीट में दिखा विषैले सर्प,मचा हड़कम्प

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घर के बाथरूम में लगी लैट्रिंग सीट में जब एक विषैले काले नाग की फुफकार सुनी तो घर के लोगों का होश उड़ गया। यह घटना नगर के द्वारका नगर में रह रहे राजेंद्र बघेल के घर घाटी। बाथरूम के लैट्रिंग सीट में विषैले नाग की मौजूदगी होने कि जब पुष्टि हुई तो घर वालों के होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल सर्प मित्र को इसकी सूचना दी। सर्प मित्र प्रवीण कुमार तिवारी रात को ही उनके घर पहुंचे और रात लगभग 3 बजे बेहद कठिनाई के साथ रेस्क्यू करते हुए विषैला काले नाग को लैट्रिन की सीट से बमुश्किल बाहर निकाला और उसे जंगल में छोड़ आए। काला नाग के बाहर निकलते ही परिजनों ने राहत की सांस ली।

# सावधानः जिले के कई मेडिकल स्टोर्स मे बिक रही एक्सपायर दवाईयां

## औषधि निरीक्षक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा औचक निरीक्षण मे हुआ खुलासा



**औषधि निरीक्षक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग सिवनी द्वारा दिनांक 09.04.2025 को हिना खान की दुकान हेल्थ केअर मेडिकोज कान्हीवाडा औचक निरीक्षण के दौरान दुकान में शेड्यूल औषधियों का विक्रय बिना रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट के अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा किया जाना पाया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिसके लिए 13.05.2025 को दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया।

### नायर मेडिकल स्टोर्स भीमगड कालोनी छपारा मे मिली एक्सपायर दवाईया

इसी क्रम में 25.04.2025 को सुनील कुमार पगारे की दवा दुकान नायर मेडिकल स्टोर्स भीमगड कालोनी तहसील छपारा, जिला सिवनी के औचक निरीक्षण के दौरान बड़ी मात्रा में एक्सपायर दवाईयां ट्रेड स्टॉक के साथ विकयार्थ संग्रहित पाए जाने पर प्रतिवेदन दर्ज कर दिनांक 13.05.2025 को दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया।

दिनांक 15.05.2025, गुरूवार को सिवनी जिले में स्थित थोक एवं रिटेल दवा दुकान मेसर्स फार्मा हाउस आशीष उदासी की दवा दुकान का सिवनी जिला ड्रग इंस्पेक्टर मनीषा अहिरवार के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान दवा दुकान में दवा विक्रय लाइसेंस की वैधता, दवाओं के रखरखाव, दवाओं के क्रय-विक्रय रिकार्ड, एक्सपायर्ड स्टॉक एवं प्रतिबंधित औषधियों आदि की जाँच की गई एवं रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में दुकान संचालक द्वारा मरीजों को बेची गई चिकित्सक के पर्चे की दवाईयों के बिक्री बिल मौके पर मांगे गए बिल में शेड्यूल एच, एच-1 एवं जी श्रेणी की दवाईंयों का विक्रय पाए जाने पर शेड्यूल औषधियों का विक्रय बिना रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट के बंद किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### पलारी चौराहा मे अंशिका मेडिकल स्टोर को दुकान बंद करने निर्देश

इसी तरह दिनांक 08.05.2025 को अंशिका मेडिकल स्टोर पलारी चौराहा देव कुमार ठाकुर की दवा दुकान के औचक निरीक्षण के दौरान संज्ञान में आया कि अंशिका मेडिकल स्टोर के दुकान संचालक द्वारा बिना पूर्व विभाग में सूचना दिए ही किसी अन्य व्यक्ति को दवा दुकान बेच दी गई है एवं उनके द्वारा दवा दुकान लाइसेंस के लिए कोई आवेदन नहीं किया गया है एवं बिना आवेदन किए एवं लाइसेंस लिए ही देव कुमार ठाकुर के लाइसेंस पर ही बिना रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट के स्वयं ही दवा दुकान संचालित की जा रही है तत्पश्चात मौंके पर ही सिवनी जिला ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा दवाईयों की खरीदी बिकी एवं दवा दुकान बंद किए जाने के निर्देश दिए गए एवं दिनांक 08.05.2025 को जी बी मेडिकल उगली में औचक निरीक्षण के दौरान जानवरों के लिए प्रतिबंधित औषधि निमीसुलाईड एवं इसके फार्मूलेशन पाए जाने पर प्रतिवेदन दर्ज किया गया एवं उक्त प्रतिबंधित औषधि की खरीदी एवं बिक्री बंद किए जाने के निर्देश दिए गए ।

# मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफ आईआर दर्ज कर मंत्री पद से हटाए जाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

युवक कांग्रेस के तत्वाधान में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने दिनांक 16 मई 2025 को पुलिस थाना केवलारी में ज्ञापन सौंप कर मध्यप्रदेश शासन के आदिम जाति कल्याण मंत विजय शाह के खिलाफ एफ आईआर दर्ज कर मंत पद से तत्काल हटाये जाने की मांग की गई है। मंत्री विजय शाह ने मऊ इंदौर की आम सभा में कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी आतंकवादीयो की वहिन है।

इसलिए पहलगाम मे हुये हमला के जवाब में पीएम मोदी ने उनकी बहन को भेजा था, भारत सरकार रक्षा मंत्रालय ने कर्नल सोफिया कुरैशी एवं विंग कमांडर व्योमिका सिंह के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई दिनांक 7 में 2025 की अर्ध रात्रि मे पाकिस्तान के आंतकवादीयो. के चिह्नांकित 9 ठिकानो को ध्वस्त किया था।



भारत देश की महान योद्धा बेटी के बिरोध मे कहे गये अपशब्द से समूचा राष्ट्र शर्मिंदा है,ऐसे कुंठित मानसिकता के मंत को मंत्रीमंडल से हटाकर एफ आई आर दर्ज करने की मांग युवक कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष नसीम कुरैशी के नेतृत्व मे कि गयी है। इस मौके पर सुभाष बघेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष, मुकेश राजपूत जनपद सदस्य ,रमाशंकर महोबिया, रफीक खान, राजू मेहरा देवराज डेहरिया,शुभम पटेल अध्यक्ष विधानसभा एन एस यु आई, दारासिंह जंघेला पार्षद ,खेलेंद्र धनकरे,विकास ठाकुर ब्लाक अध्यक्ष युवक कांग्रेस , अंकित बघेल ,संदीप जंघेला, विकास बघेल ,संस्कार तिवारी शुभम पटेल ,सूरज जंघेला, मोंटू चौरसिया, नरेंद्र जंघेला, वंटी जंघेला, हर्षित जंघेला, भीम जंघेला, हिमांशु बघेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपास्तिथ थे।

# गंज मोहल्ले में सप्लाई करने जा रहे थे अवैध कच्ची शराब पुलिस धर दबोचा

## 60 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के दो गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अवैध शराब बिक करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश प्राप्त हुए। ए.एस.पी .डी. शर्मा एवं शमति पूजा पाण्डेय सी.एस.पी सिवनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली किशोर वामनकर द्वारा स्वंय के स्तर पर टीम गठित कर 60 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब पकडने में सफलता प्राप्त हुई है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



दिनांक 16.05.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति मोटर साईकिल क्रमांक MP-22-ML-7660 में राजश गुटखा के थैले में, कार के ट्यूब में एवं ट्रक के ट्यूब में अवैध कच्ची महुआ शराब रखे हुए है जिन्हे खैरी टेक के पास स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर सफलता पूर्वक पकड़ा गया। दोनों आरोपियो से पूछताछ करने पर अपना नाम इंद्रकुमार सोहनिया पिता सुरेश सोहनिया उम्र 25 साल निवासी ग्राम सुकतरा बस्ती थाना कुरई तथा दूसरे आरोपी ने अपना नाम नीरज ओगारे पिता रामप्रसाद ओगारे उम्र 29 साल निवासी सुकतरा बस्ती थाना कुरई बताया । उक्त शराब के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि हाथ शराब बनाकर गंज मोहल्ले के एक व्यक्ति को देना बताया।

उक्त शराब के संबंध में काई दस्तावेज नही होना बताये शराब को अवैध मानकर मौके पर जप्त किया गया एवं आरोपी पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है एवं एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। थाना कोतवाली की अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। आगे भी इस तरह की सूचनाओ पर सख्ती से कार्यवाही की जायेगी ।

**आरोपीः** 01 इंद्रकुमार सोहनिया पिता सुरेश सोहनिया उम्र 25 साल निवासी ग्राम सुकतरा बस्ती थाना कुरई 02 नीरज ओगारे पिता रामप्रसाद ओगारे उम्र 29 साल निवासी सुकतरा बस्ती थाना कुरई।

### पांडिया छपारा में विशाल रक्तदान शिविर आज

**छाया/ दीपक मेश्राम पांडिया छपारा हरिभूमि।** सिवनी जिले के जनपद पंचायत केवलारी के पांडिया छपारा क्षेत्र में सामाजिक सेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए कनक एजुकेशन एंड वेलफेयर फाउंडेशन, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल उगली, हिंदू उत्सव समिति पांडिया छपारा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड उगली के संयुक्त तत्वावधान में 17 मई 2025 को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र, पांडिया छपारा में प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना है।

आयोजकों ने क्षेत्रीय युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों से अपील की है कि वे इस पुनीत कार्य में भाग लेकर मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस संयुक्त प्रयास से न केवल रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों को सहायता मिलेगी, बल्कि समाज में रक्तदान जैसे आवश्यक विषय पर सकारात्मक संदेश भी जाएगा।

### धारनाकलां में शिव महापुराण कथा महोत्सव आज से



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बालाघाट रोड स्थित धारनाकलां में दिनांक 17 से 25 में 2025 तक श शिव महापुराण कथा का आयोजन प्रांतीय महिला स्व-सहायता समूह संघ एवं समस्त मातृशक्ति के द्वारा कराया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर क्षेतयजनों में अत्यंत हर्ष व्याप्त है। आयोजक समिति की ओर से शमती सरिता राजेंद्र चौहान ने बताया है की शिव पुराण के कथा व्यास धर्मवीर पं. अजित तिवारी होंगे। शिव महापुराण के शुभारंभ पर आज शोभायात्रा दिन 4 बजे से आयोजित है। दिनांक 17 से 25 मई 2025 तक प्रातः 9 से पार्थिव शिवलिंग एवं रुद्राभिषेक एवं शिव पुराण का संस्कृत पारायण 12 बजे तक होगा। प्रतिदिन 3 से 6 बजे तक शिवपुराण कथा की अमृतमय कथा होगी। दिनांक 25 मई को पूर्णाहुति महाप्रसाद भण्डारा रखा गया है। आप सभी से श शिव महापुराण के अवसर उपस्थित होकर कथा श्रवण कर एवं विविध धार्मिक अनुष्ठानों में सम्मिलित हो पुण्य लाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

# 4 चार दिन के अंदर सनसनीखेज हत्या का आरोपी चढ़ा पुलिस कान्हीवाडा के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा बालक बालिका एवं महिला सम्बंधित अपराधो मे आरोपियो के विरूद्ध त्वरित व सख्त कार्यवाही के निर्देशो के पालन मे व अति. पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग केवलारी आशीष भराडे के कुशल मार्गदर्शन मे थाना कान्हीवाडा मे दर्ज अप. क्र. 145/25 धारा 103(1) बी.एन.एस मे प्रार्थिया रुकमणी ठाकुर की सूचना पर कान्हीवाडा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची व फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया जाकर प्रार्थिया की देहाती नालसी लेकर नाबालिक प्रतिका की पंचनामा कार्यवाही कर पी.एम कराया गया।

प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना कान्हीवाडा द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए तकनीकी व मुखविर सहायता से आरोपी पुरूषोत्तम पिता ओमप्रकाश ठाकुर उम्र 23 साल नि. ग्राम भेडा थाना घंसौर हाल पता ग्राम कटिया थाना कान्हीवाडा को 04 दिनो के अंदर ढूढ निकाला गया। व आवश्यक कानूनी साक्ष्य प्राप्त कर आरोपी को विधीवत गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरीक्षक पतम सिन्ह तिलगाम के हमराह मे उपनिरीक्षक बलवंत सिन्ह तेकाम, उपनिरीक्षक अंकिता जैन प्रभारी महिला उर्जा डेस्क, सउनि प्रमोद मालवी, कार्य. सउनि जगमोहन अधिकार, प्र. आर. देवनलाल पंद्रे, प्र.आर. अम्बरीश शुक्ला, प्र.आर. प्रकाश धुर्वे, प्र.आर. संजय यादव, प्र.आर. नंदुलाल उइके, प्र.आर. फूलवंत धुर्वे, आर. सुरेश चौहान, आर. अंकित चौरसिया, आर. शिवकुमार करपे, आर. मोहसीन आजमी आर. महेश ठाकरे, आर. संतोष साहु, आर. धर्मेंद्र धुर्वे, म. आर. एकता शर्मा, म. आर. संतोषी धुर्वे की सराहनीय भूमिका रही।



### महाकौशल कॉलेज के दो विद्यार्थियों ने एम बी ए में गोल्ड मेडल हासिल कर नगर का नाम किया नाम रोशन

**हरिभूमि न्यूज छपारा ।** नगर के अशासकीय कॉलेज महाकौशल कॉलेज ऑफ साइंस के दो विद्यार्थियों ने मेहनत लगन से एम बी ए का कोर्स करते हुए जबरदस्त सफलता हासिल करते हुए गोल्ड मेडल जीत कर छपारा नगर का नाम रौशन किया। बताया जाता है कि 16 मई को राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,भोपाल में आयोजित 12 वे दीक्षांत समारोह में छपारा नगर के महाकौशल कॉलेज ऑफ साइंस महाविद्यालय में MBA बैच 2022 के विद्यार्थियों में नगर के विक्रम तंतुवाय को गोल्ड मेडल एवं नमिता जैन पिता प्रदीप जैन को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया,अपनी इस सफलता पर छपारा नगर का नाम रौशन किया है, मेडल प्राप्त करने के बाद दोनों छात्र/छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों सहित शिक्षकों एवं महाविद्यालय प्रबंधन को दिया है।

# नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने किया सुआखेड़ा इंटेकवेल एवं प्लांट का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

15 मई 2025 को नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, मुख्य नगर पालिका विशाल सिंह मर्सकोले के साथ दोपहर सुआखेड़ा इंटेकवेल पहुंचे एवं भीमगढ़ जलाशय में उपलब्ध पानी की मात्रा का निरीक्षण किया। आपने निरीक्षण के दौरान पाया कि डैम में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध है एवं भविष्य में पेयजल संकट उत्पन्न न हो इस विषय पर सभी से विस्तृत चर्चा की गई। अध्यक्ष के साथ निरीक्षण के दौरान सभापति विजय गोलू पंडित, रविशंकर गुड्डा भांगरे ,पार्षद संजय भलावी, अमित डागौर, रवि सैयाम उपयंत संतोष तिवारी बॉबी तिवारी उपस्थित रहे।

अध्यक्ष द्वारा शहर वासियों से अपील की गई है, जल ही वन है पानी का सदुपयोग करें अनावश्यक पानी व्यर्थ न बहाये, गाड़ी न धोये साथ ही नगर पालिका द्वारा जलापूर्ति के दौरान घर के नलों में टुल्लू पंप का उपयोग न करने की अपील की गई है ताकि प्रत्येक नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल मिल सकें।





### यातायात पुलिस द्वारा चलाया जा रहा हेलमेट जागरूकता अभियान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरु दत्त शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा निरंतर हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 44 से लगे शीलादेही ग्राम के पास हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के नगझर मोहगांव खंड नागपुर सिवनी एक्सप्रेसवे के सड़क सुरक्षा दल के साथ चलाया गया। जिसमें दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने हेतु प्रेरित किया गया, साथ ही हेलमेट न पहनने वाले चालकों पर कार्यवाही करते हुए उन्हें हेलमेट भी वितरित किए गए एवं भविष्य में हेलमेट लगाकर अपने यात्रा को सुरक्षित बनाए रखने हेतु समझाइश भी दी गई।

### सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल का डॉ. गर्विता साहू ने किया सफल ऑपरेशन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बीती रात सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को जिला चिकित्सालय सिवनी के सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया गया। जहां उनके चेहरे, जीभ एवं होंठ में गंभीर चोट है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 42 वर्षीय विनोद कुमार उईके भोमा छीतापार निवासी रात लगभग 10 बजे पल्सर गाड़ी से कहीं जा रहे थे। सड़क में गाड़ी फिसलने से वे गिर पड़े जहां उनके चेहरे में चोट आई है तथा होंठ और जीभ कट गए हैं। विनोद कुमार उईके को सड़क दुर्घटना के पश्चात गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय सिवनी लाया गया। दुर्घटना में उनकी जीभ और होंठ गंभीर कटे थे जो मानव शरीर के लिए मुख्य होते हैं। घायल विनोद कुमार उईके की कटी जीभ एवं होंठ का जटिल ऑपरेशन जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर गर्विता साहू ने सफलता पूर्वक किया।ऑपरेशन काफी चुनौतीपूर्ण था। डॉक्टर गर्विता साहू ने यह संभव कर दिखाया। ऑपरेशन के संबंध में विशेषज्ञ डॉक्टर गर्विता साहू ने फ्रीलांसर जर्नलिस्ट जितेंद्र सिंह को बताया कि सर्जिकल वार्ड में एक मरीज को जो कि सड़क दुर्घटना में घायल हुआ है उनके रिश्तेदारों ने उन्हें भर्ती किया। उनके चेहरे में चोट है जो सिटी स्क्रीन के बाद स्थिति देखी जाएगी। फिलहाल उनके कटी जीभ एवं होंठ की सर्जरी कर दी गई है। सर्जरी के बाद उन्हें वार्ड में निरीक्षण में रखा गया है। ज्ञात हो कि कुछ डॉक्टरों के द्वारा शासकीय जिला चिकित्सालय में लगातार मरीजों का अच्छा इलाज हो रहा है।

# केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शुक्रवार को केवलारी विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह भोपाल राजभवन भोपाल में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक दल के साथ देश की बेटी भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के सम्मान में मध्य प्रदेश शासन के मंत्री विजय शाह के द्वारा अपमान जनक बयान दिया गया जिससे भारतीय सेना के साथ साथ देश की बहनों का अपमान हुआ है। देश की बेटियों के सम्मान में आज कांग्रेस विधायक दल ने मंत्री विजय शाह को वर्खास्त किए जाने के लिए महामहिम राज्यपाल जी को ज्ञापन सौंपा। मध्य प्रदेश शासन के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर अपमान जनक टिप्पणी करते देश के आत्मसम्मान को ठेस पहुँचाई है ऐसे मंत्री को तत्काल जेल में डाल देना चाहिए और संभवतः कठोर से कठोर सजा से दंडित करना चाहिए। परंतु आज मध्य प्रदेश की मोहन यादव की सरकार ऐसे मंत्री का पक्ष लेते हुए हाईकोर्ट के आदेश के पश्चात भी मध्य प्रदेश शासन के मंत्री विजय शाह पर कार्रवाई करने से पूर्ण रूप से आना कानी कर रही है।एवं कांग्रेस विधायक दल द्वारा आज राजभवन भोपाल में विरोध किए जाने पर सभी विधायकों की राज भवन से गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल भेज दिया गया। ये पुलिस भाजपा की हो गई है सेना का अपमान करने वाला खुला घूम रहा है, वहीं सेना के सम्मान में लड़ने वालों को गिरफ्तार किया जा रहा है।यह भाजपा सरकार की तानाशाही है।

# ग्रीष्मकालीन शिविर में जूडो खिलाड़ी दिखा रहे दम खम, सीख रहे आत्मरक्षा के गुण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** खेल विभाग द्वारा संचालित गष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को विभिन्न खेलो का अभ्यास नियमित रूप से किया जा रहा है। जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक विकासखंड में संचालित हो रहा है । श महावीर व्यामशाला संगठन सुभाष वार्ड में जूडो प्रशिक्षण में नवोदिता खिलाड़ियों को प्रशिक्षक गोपाल कुमार कुशवाहा द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विशेष रूप से बालिकाओं को जूडो के दाव पेंच के साथ आत्मरक्षा के गुण सिखाए जा रहे हैं ताकि बदलते माहौल में बेटियां अपनी सुरक्षा स्वयं कर सके । जूडो प्रशिक्षक गोपाल कुमार कुशवाहा ने बताया कि जूडो एक शारीरिक और मानसिक रूप से फायदेमंद खेल है जो आत्म-अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्म-रक्षा कौशल को बढ़ावा देता है। यह ताकत, लचीलापन, संतुलन और समन्वय में सुधार करता है। जूडो बच्चों और किशोरों के लिए एक बेहतरीन खेल है, जो उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप



से विकसित करने में मदद करता है । कुशवाहा ने आगे बताया कि खिलाड़ियों को विभिन्न खेल प्रतियोगिता में सम्मिलित कराया जाएगा। इन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को राज्य और राष्टय स्तर के साथ ही एशिया तथा ओलंपिक तक पहुंचाने का अवसर मिलता है साथ ही पुलिस आर्मी अन्य सरकारी विभागों में सेवा में आरक्षण छूट प्राप्त होती है पदक प्राप्त खिलाड़ियों को भारतीय खेल प्राधिकरण स्पोर्ट अकादमी व खेल विभाग में चयनित होने का अवसर मिलता है राज्य व केंद्र शासन द्वारा खेल छात्रवृत्ति भी पदक विजेताओं को उपलब्ध कराई जाती है। जूडो प्रशिक्षण में शामिल होने नवोदित खिलाड़ियों का पंयन कराकर निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं प्रशिक्षण में प्रयुक्त खेल सामग खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जाती है । प्रशिक्षण शिविर 5 मई से 6 जून तक चलेगा । शिविर में पांच से अधिक उम्र के बालक बालिका भाग ले रहे हैं । नेहरू रोड स्थित श महावीर व्यामशाला में चल रहे प्रशिक्षण शिविर में समापन पर खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे।

## बंडोल पुलिस ताबड़तोड़ कार्यवाही

# 557 कि.ग्रा. गौमांश के साथ एक गिरफ्तार, अन्य फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के द्वारा गोवंश बध, अवैध परिवहन करने वालो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है व अवैध गोवंश हत्या, परिवहन करने वालो की सूचना देने वाले मुखबिरो को नगद इनाम से पुरूष्कृत करने हेतु घोषणा की गई है।

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी श .डी. शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी शमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ. नि. अर्पित भैरम व्दारा तत्परता से कार्यवाही की जा रही है। थाना बंडोल में दिनांक 15.5.25 मुखबिर सूचना पर ग्राम बान्द्रा के जंगल से एक सिल्वर रंग की महिन्द्रा एक्सयूबी 500 कार क्र. MH-40-KR-7122 मे अवैध गोमांस परिवहन करते घेराबंदी कर पकडा गया है जो कार से 557 कि.ग्रा. गोमांस व एक महिन्द्रा एक्सयूबी 500 कार क्र. MH-40-KR-7122 जप्त की गई है। अज्ञात कार चालक एवं अन्य के विरूद्ध धारा 4,5,9 म.प्र. गौवंश बध प्रति.अधि. 11घ (1) पशुओ के प्रति कुरता का निवारण अधिनियम एवं 325 BNS 184 मो. व्ही. एक्ट का अपराध पंबध्द कर विवेचना मे लिया गया है।



जिसमें आरोपी वाहन चालक अब्दुल कलाम पिता मन्नान कुरैशी उम्र 29 साल निवासी हड्डी गोदाम भगतसिंह वार्ड सिवनी को दिनांक 16/05/25 को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं अन्य आरोपियो की तलाश की जा रही है।

जप्तीः-1. 557 किलो ग्राम गौमांस कीमती 1,40,000,महिन्द्रा एक्सयूबी 500 कार क्र. MH-40-KR-7122 कीमती 8,00,000 रूपये।

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी उपनिरी. अर्पित भैरम, सउनि.अशोक सेन, सउनि॰ जसवंत सिंह ठाकुर, सउनि. देवेन्द्र जायसवाल, प्र.आर. अमरलाल उइके, प्र.आर. अवधेश बघेल, प्र.आर. राकेश मिश्रा, आर. नीरज राजपूत, आर. सतीश पाल, आर. राकेश मार्को, डायल 100 वाहन चालक दिनेश चन्द्रवंशी शामिल रहे।

## डम्पर चालक एवं मालिकों ने की मारपीट, घायल को इलाज के लिए नागपुर ले गए

# पत्रकार पर हमला, 4 पर मामला दर्ज







हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में रवींद्र उमाटे नाम के शख्स के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। घटना 15 मई की देर रात की है। युवक एक विवाह समारोह से लौट रहे थे। गोंदिया रोड स्थित पिंचा गली में डंपर चालक ने अपना वाहन रोड पर खड़ा कर दिया था। रवींद्र उमाटे ने वाहन को रास्ते में खड़े करने पर आपत्ति जताई। इस बात को लेकर डंपर चालक दीपक लिल्हारे, दीपक बजाज, मुरली बजाज और यश बजाज ने अपने लोगों को बुलाकर पत्रकार की पिटाई कर दी।

सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि डंपर चालक और बजाज परिवार के सदस्य रवींद्र को पीट रहे हैं। उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल से नागपुर रेफर किया गया है। मामले में एक प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को एएसपी विजय डाबर से मुलाकात की। आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। सीएसपी वैशाल सिंह कराहलिया ने बताया कि चारों आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया गया है। अभी आरोपी फरार हैं।

# वन्य प्राणी बाघ ने एक शख्स का किया शिकार

## जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गया था, गांव में दहशत का माहौल





हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले के वन परिक्षेत्र कटंगी के मुंदीवाड़ा सर्किल की पाढ़रवानी बीट के कक्ष क्रमांक 476 के दुर्गम वन में वन्य प्राणी बाघ ने वन ग्राम कछार के एक शख्स का शिकार कर मौत के घाट उतार दिया है. कछार निवासी अनिल भलावी उम्र 35 वर्ष करीब आधा दर्जन साथियों और अपनी पत्नी सावंती बाई भलावी के साथ जंगल में तेंदुपत्ता तोड़ने के लिए गया हुआ था. जहां वन्य प्राणी बाघ ने उस पर अचानक से हमला कर दिया. घटना शुक्रवार की सुबह करीब 08 से 09 बजे के बीच की है. ग्रामीणों के मुताबिक करीब 06 दशक से भी अधिक समय से स्थापित वन ग्राम कछार में वन्य प्राणी बाघ के शिकार की यह पहली घटना है. इस घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है. वन विभाग ने ग्रामीणों को सर्तक रहने और जंगल के भीतर बहुत अधिक दूरी में जाकर तेंदुपत्ता ना तोड़ने की हिदायत दी है. दरअसल, जिस स्थान में वन्य प्राणी बाघ ने घटना को अंजाम दिया है. वह गांव से करीब 04 किमी दूर दुर्गम एरिया था. घटना के बाद पुलिस और वन विभाग को पैदल चलकर घटना स्थल तक जाना पड़ा. घटना के बाद नायब तहसीलदार महेश सोलंकी की मौजूदगी में शाम करीब 04 बजे घटना स्थल पर ही पहुंचकर डॉ विनोद भलावी ने मृतक का पीएम किया और शव को पुलिस निगरानी में गांव लाया गया. जहां मृतक की पत्नी उसके तीनों मासूम बच्चों और परिजनों सहित नाते-रिश्तेदारों को मृतक का चेहरा दिखाकर शाम करीब 06 बजे अंतिम संस्कार किया गया. वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबुलाल चढ़ार ने बताया कि पीड़ति परिवार को सरकार के तय मापदंड के अनुसार मुआवजा राशि प्रदान करने की कागजी कार्रवाई पुर्ण कर ली है।

### कटंगी पुलिस ने दिखाई तत्परता

वन्य प्राणी के शिकार से अनिल भलावी की मौत की जानकारी मिलते ही कटंगी पुलिस ने काफी तत्परता दिखाई. वन विभाग के अफसर घटनास्थल पर पहुंचते इससे पहले ही कटंगी थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले पुलिस बल के घटनास्थल पर पहुंच गए. उन्होंने पुलिस कार्रवाई शुरू की. जिसके बाद वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी घटनास्थल पर पहुंचे. गौरतलब हो कि वन्य प्राणी बाघ के शिकार से मौत की घटना के बाद वन ग्राम कछार में किसी भी प्रकार की तनाव की स्थिति निर्मित ना हो इस बात को ध्यान में रखते हुए. कटंगी, तिरोड़ी, वारासिवनी और रामपायली थाने का पुलिस बल बुलाया गया था. हालांकि यहां शांतिप्रिय ढंग से ग्रामीणों ने पुलिस और वन विभाग को पूरी कार्रवाई में सहयोग किया. थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले ने पीएम के बाद शव को सुरक्षित गांव तक पहुंचाया. घटना की सूचना मिलने पर एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे, कटंगी एसडीओपी विवेक शर्मा, वारासिवनी एसडीओपी अभिषेक चौधरी सहित अन्य पुलिस अधिकारी पहुंचे।

### अब तक 03 लोगों की मौत

गौरतलब हो कि वन परिक्षेत्र कटंगी में अब तक वन्य प्राणी बाघ ने दो लोगों को मौत के घाट उतार दिया है जबकि कटंगी से सटे कुरई क्षेत्र के सिलारी में बाघ ने तिरोड़ी तहसील के ग्राम खैरलांजी निवासी का शिकार किया था. इन सभी घटनाओं को मिलाकर देखा जाए तो महज 05 माह के भीतर 03 लोगों की बाघ के हमले से मौत हो गई है. पहली घटना 22 दिसंबर 2024 की है. जिसमें खैरलांजी निवासी सुखराम उइके की मौत हो गई. वहीं दूसरी घटना तिरोड़ी तहसील के गोरेघाट सर्किल के कुड़वा में हुई. 03 मई 2025 को कुड़वा में जंगली सुअरों से फसलों की सुरक्षा करने खेत गए प्रकाश पाने को बाघ ने अपना शिकार बना लिया. वहीं आज तीसरी घटना वन ग्राम कछार से सामने आई है. तेंदुपत्ता तोड़ने अनिल भलावी को बाघ ने मौत के घाट उतार दिया।

### पठार अंचल में दिख रहा वन्य प्राणी बाघ

बता दें कि कुड़वा में वन्य प्राणी बाघ का भले ही रेस्क्यू कर लिया गया है. लेकिन आज भी पठार अंचल के अलग-अलग गांवों में वन्य प्राणी बाघ को देखा जा रहा है. जिससे ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है. वहीं कई पालतू मवेशियों के शिकार की हो रही घटनाएं इस बात के संकेत दे रही है कि पठार में वन्य प्राणी बाघ की चहल-कदमी बनी हुई है. दरअसल, इन दिनों वनों से सटे ग्रामीण इलाकों में तेंदुपत्ता की तुड़ाई का काम जारी है. ऐसे में ग्रामीणों के साथ अप्रिय घटना होने का डर बना हुआ है. कुछ गांव जहां बाघ को आए दिन देखा जा रहा है उन गांवों के लोग तेंदुपत्ता तोड़ने के लिए जंगल नहीं जा रहे है. पठार अंचल के लोग वनोपज पर ही निर्भर होते हैं. कोई महुआ चुनता है, तो कोई तेंदूपत्ता के लिए जाता है. ऐसे में बाघ की दहशत से वन विभाग ने

ग्रामीणों को चेतावनी दी है कि अगर आप जंगल में जाते है और कोई हादसा होता है, तो इसके जिम्मेदार आप खुद रहेंगे. पठार अंचल के ग्राम कुड़वा, गोरेघाट, देवरी, चिटका देवरी, आंबेझरी, कन्हड़गांव, भोंडकी, बड़पानी हमेशा, मासुलखापा, और खैरलांजी में बाघ की दहशत बरकरार है. जानकारी आई है कि पठार अंचल की कुछ समितियों ने तेंदुपत्ता तोड़ाई के काम से इंकार कर दिया है और बकायदा विभाग को पत्र भी लिख दिया है।

## जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में 50 से अधिक विद्यार्थी हुए शामिल

**बालाघाट।** महाराणा प्रताप युवा संगठन और आर्ट ऑफ गिविंग के संयुक्त तत्वाधान में सीएम राइज विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ में ₹महिला सशक्तिकरण राष्ट्र की ओर अग्रसर₹ विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के प्रमुख विद्यालय और महाविद्यालय के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम स्थान नीलेश्वर बसेने, द्वितीय स्थान दिव्या नगपुरे और तृतीय स्थान वीना जामरे ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जन-जन तक महिला सशक्तिकरण और भारत की प्रगति की यात्रा सुनिश्चित करना है। साथ ही, छात्र-छात्राओं में साहित्यिक विद्या में अग्रणी होने के लिए प्रेरित करना है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के महत्व को समझाने और उन्हें साहित्यिक विद्या में अग्रणी होने के लिए प्रेरित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में उप प्राचार्य श्री साजिद मोहिस सर, श्री अजय बैंस सीबीसी, विशिष्ट अतिथि प्रशिक्षक श्री दुर्गा प्रसाद तुरकर, आशीष श्रीवास्तव जी सर और रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार कोर्राम सर उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सार्थक सिंह चौहान राज्य संयोजक, भार्गेंद्र पटले जिला संयोजक, कार्यक्रम संयोजक राहुल पटले और उनकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सर्वर धीमा होने से अतिथि शिक्षक भर्ती में दस्तावेज सत्यापन में लग रहा समय



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है। संकुल केंद्रों में आवेदकों की बड़ी संख्या के कारण व्यवस्था चरमरा गई है।

17 मई तक दस्तावेज सत्यापन की समय सीमा है। 6 मई से शुरू हुई इस प्रक्रिया में अभी भी कई आवेदकों के दस्तावेजों का सत्यापन बाकी है। संकुल केंद्रों में प्रतिदिन 200-250 आवेदक पहुंच रहे हैं। हालांकि, एक दिन में केवल 60-70 आवेदकों के दस्तावेजों का ही सत्यापन हो पा रहा है। समस्या और गंभीर इसलिए हो गई है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों के संकुल केंद्रों में सत्यापन नहीं हो रहा है। इसके कारण जिले भर के आवेदक शहर के केंद्रों में पहुंच रहे हैं। शिक्षकों की कमी, कंप्यूटर ऑपरेटर का अभाव और सर्वर की समस्या भी सत्यापन प्रक्रिया को प्रभावित कर रही है। आवेदकों को फॉर्म भरने में भी दिक्कतें आ रही हैं। आवेदक डॉली शांडिल्य ने बताया कि उन्हें एमपी बोर्ड और अदर स्टेट के विकल्प को लेकर भ्रम की स्थिति का सामना करना पड़ा। संकुल प्राचार्य शरद ज्योतिषी के अनुसार, शासकीय अवकाश के कारण भी काम प्रभावित हो रहा है। आवेदक चिंतित हैं कि यदि समय सीमा में दस्तावेज सत्यापन नहीं हुआ, तो वे अतिथि शिक्षक पद से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

## बैठक कर लिया निर्णय, जनमानस से भागीदारी का आह्वान

# एक कदम राष्ट्र रक्षा की ओर: आज तिरंगा यात्रा में शामिल होगा समाज का हर वर्ग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिकों की प्रतिबद्धता, तिरंगे के साथ एक कदम राष्ट्र रक्षा की ओर विषय पर स्थानीय हनुमान मंदिर, काली पुतली चौक बालाघाट में आज शाम 5 बजे, एकत्रित काली पुतली चौक से हनुमान चौक तक आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा की व्यापक तैयारियों को लेकर सामाजिक, धार्मिक, व्यापारी, किसान, युवा, महिला, चिकित्सक, अधिवक्ता, खेलकूद, स्वयं सेवी संगठनों सहित गणमान्य नागरिकों की बैठक संपन्न हुई। जहां सर्व सम्मत कहा गया कि, यह तिरंगा यात्रा न केवल हमारे वीर जवानों को समर्पित श्रद्धांजलि है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी का प्रतीक भी है। भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा सिर्फ सीमाओं पर तैनात हमारे जांबाज़ सैनिकों की नहीं, बल्कि प्रत्येक जागरूक नागरिक की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। जब आमजन राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर सजग रहते हैं, तब एक सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण होता है। यह यात्रा, जनजागरण और राष्ट्रीय कर्तव्यों की स्मृति का सशक्त माध्यम बनेगी। इसमें सभी राष्ट्रभक्त, समाज के विभिन्न वर्गों, निकायों, विभागों की सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित होना चाहिए। बैठक में सभी प्रबुद्धजनों से बड़ी संख्या में गरिमामय उपस्थिति का आव्हान उपस्थित जनों ने किया। राष्ट्रवाद से ओत-प्रोत बहुआयामी पहल से पहलगाम आंतकी हमले के बदले में देश द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदुर में देश की सेना के पराक्रम और शौर्य को सच्चा सम्मान होगा। साथ ही देशभक्ति का भाव आलोकित होगा। इस बैठक में बौद्ध भिखु, पंवार समाज, लोधी समाज, जैन समाज, सिंधी समाज, कलार समाज, कायस्थ समाज, मरार समाज, ब्राह्मण समाज, सिख समाज, राजपूत समाज, चौरसिया समाज, खेल प्रशिक्षक, चेंबर ऑफ कॉमर्स, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, महिला संगठन, शिक्षक वर्ग, मजदूर संघ, युवा संगठन, राष्ट्रीय दुर्गा वाहिनी संघ, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवी, जन अभियान परिषद के स्वयंसेवी, किसान संगठन, स्वदेशी मंच इत्यादि के पदाधिकारियों ने तिरंगे के साथ एक कदम राष्ट्र रक्षा की ओर, देश के वीर सैनिकों के सम्मान में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा में भागीदारी और सहभागिता देने का समर्थन जताया।

## जनजातीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष रहा बेहतर

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा विगत माह हाईस्कूल तथा हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित किये गए। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल के परीक्षा परिणामों में जिले की 63 जनजातीय संस्थाओ का परीक्षा परिणाम गत वर्ष की तुलना में बेहतर प्राप्त हुआ है। 10 वीं के परीक्षा परिणाम में 16.99 प्रतिशत तथा 12 के परीक्षा परिणाम में 9.67 प्रतिशत की वृद्धि पायी गई है। परीक्षा परिणामों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को एसडीएम बैहर श्री अर्पित गुप्ता परियोजना प्रशासक एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना बैहर एवं जनजातीय कार्य विभाग सहायक आयुक्त श्री राहुल नायक द्वारा जनजातीय विद्यालयों के प्राचार्यो के साथ जनजातीय विकास परियोजना बैहर के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की। जिसमें विकासखण्ड अधिकारी बैहर, बिरसा, परसवाड़ा एवं 63 संस्थाओं के प्राचार्य, प्रभारी प्राचार्य एवं 70 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले संस्थाओं के विषय शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित संस्थाओं में हाईस्कूल तथा हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम की समीक्षा जिले एवं प्रदेश से की गई। जिसमें पाया गया कि हाईस्कूल के आधार पर परीक्षा परिणाम 16.99 प्रतिशत एवं हायर सेकेण्डरी का 9.67 प्रतिशत परीक्षा परिणाम अधिक है। हाईस्कूल में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम वाले संस्था 18 हैं तथा हायर सेकेण्डरी में 6 संस्थाओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत है।

बैठक के दौरान प्राचार्यों द्वारा जानकारी दी गई कि उन्होंने 6 स्तरों पर विद्यार्थियों के अध्ययन कार्य में फोकस कर बेहतर परीक्षा परिणाम की आशा रखते हुए अध्यापन कार्य सुनिश्चित किया था।

## जल गंगा संवर्धन अभियानः बापूटोला में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार व जिला समन्वयक सुशील बर्मन के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन के कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में मप्र जन अभियान परिषद कि नवांकुर संस्थाए एवं परामर्शदाता के प्रयासों से जन जन तक जल बचाव जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए जन-जागरूकता किया जा रहा है।इस कार्यक्रम में विकासखण्ड परसवाड़ा के ग्राम बापुटोला में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा समूह बनाकर दीवार लेखन मुख्य-मुख्य स्थलो पर किया गया व गांव में जल स्त्रोतों के संरक्षण कि शपथ दिलाई गई। साथ ही बढ़ते तापमान के कारण होने वाले जल संकट से मनुष्यों के साथ-साथ वन्यजीवो को होने वाली समस्याओ से अवगत कराया। पक्षियों के लिए जल पात्र सकोरे पेड़ों पर टांगें गये।

# महार-बौद्ध समाज बालाघाट की महत्वपूर्ण मीटिंग व आवश्यक बिंदुओं पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

महार-बौद्ध समाज जिला बालाघाट की महत्वपूर्ण मीटिंग प्रांतीय संयोंजक सुनील मेश्राम और संविधान फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेश्राम की गरीमामयी उपस्थिति में आवश्यक बिंदुओं पर सम्पन्न हुई। डॉक्टर बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा महार समाज के उद्धार के लिए मुम्बई में ली गयी प्रथम मीटिंग का स्मरण करतें हुये प्रथम जिला संयोजक वासना मेश्राम को भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गयी। उपस्थित जिला सचिव अरुण गोंडाने का, डॉक्टरेट की उपाधी से नवाजे जाने पर पुष्प गुलदस्ते द्वारा स्वागत एवं सम्मानित किया गया। सर्वसम्मति से लिए गये महत्वपूर्ण निर्णयों में शूरवीर महारों की जनवरी में शौर्य दिवस के अवसर पर शौर्य गाथाओं को समझाने हेतु जिला सम्मेलन आयोजित किये जाने, महार जातियों में शादियों के नाम पर अनावश्यक किये जाने वाले व्यय को सीमित करने, ऑम्बेडकर चौक पर डॉक्टर बाबा साहेब आम्बेडर की आदमकद प्रतिमा स्थापित किये जाने के लिए गोंदिया रोड़ पर आंबेडकर द्वार बनाये जाने, तथा वर्तमान की शिक्षा एवं शिक्षण पर दूरगामी योजनाओं के निर्माण हेतु कार्यकम नियोजित करने के प्रस्ताव पारित किये गये। सभा में उपस्थित जिला महासचिव पी. एल. उके, जिला उपसंयोंजक के. एल. धाकड़े और ओंकार गेडाम, जिला सचिव मनोहर बंसोंड़ और डॉ. अरुण गोंडाने, तहसील और ब्लाक संयोंजक गिरधारी टेंभुरने एवं मनोज वाघमारे, प्रमोद घोड़ेश्वार, विनेश डोंगरे आदि के विचारों का स्वागत करते हुये महार जाति के युवाओं का वैवाहिक परिचय सम्मेलन किये जाने एवं महार सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान किये जाने पर भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया जिसमें मनोहर बंसोंड, रमेश मेश्राम, गिरधारी टेंभुरने, डॉ. अरुण गोंडाने को पंजीयन हेतु नियुक्त किया गया। आगामी बैठक 25 मई को निर्धारित की गयी।

## कलेक्टर श्री मीना के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल बचाओं, जल बढ़ाओ पर कार्य जारी

# जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रशासन की जल बचाओ जल बढ़ाओ कार्य योजना पर अमल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

धरती पर जल की आवक का मुख्य स्त्रोत बारिश ही है। यदि बारिश का बहता जल जमीन में नही समाएं तो हमारे पास पेयजल के लिए नदियां और तालाब ही बचेंगे। यदि उनमें पर्याप्त जल संग्रहित हो सका तो उपयोगी होगा। अगर इनका समुचित ढंग से उपयोगी नहीं बना सकें तो जल संकट के आसार बनेंगें। ऐसे में जल की पर्याप्तता जल गंगा संवर्धन अभियान पर बहुत हद तक निर्भर है। जल गंगा संवर्धन अभियान में जिला प्रशासन ने ज्यादा से ज्यादा जल संग्रहण और जल को जमीन उड़ेलने पर जोर दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में ऐसे कार्य हो रहें है। जो जल बचाओं, जल बढ़ाओ की अवधारणा पर आधारित है। यहां 5000 हजार खेत तालाबों के अलावा 25 अमृत सरोवर और 1200 सौ कुओं के पास रिचार्ज पीठ बनाएं जा रहें है। इनमें सीधे तौर पर 10 अरब 32 करोड़ 20 लाख लीटर जल संग्रहित हो सकेगा। साथ ही इससे कही ज्यादा जल संरक्षण अर्थात जमीन में पानी संरक्षित होने की पूरी-पूरी संभावना है। इन जल संरचनाओ के अलावा और भी संरचनाएं है जो जल संग्रहण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। वैसे यानी प्रशासन की कार्य योजना से जल बचाया भी जाएगा और जल बढ़ाया भी जाएगा।



### तीन निकायों में 92 लाख लीटर जल संग्रहण क्षमता, जल गंगा संवर्धन में 10 अरब ली. से अधिक होगा जल संग्रहण

वर्तमान में जिले की बालाघाट, वारासिवनी और मलाजखण्ड नगरीय निकायों में 15 टंकियों के द्वारा 92 लाख लीटर जल संग्रहित करने की क्षमता है। इस लिहाज से जल गंगा संवर्धन अभियान में बनाई जा रही तीन तरह की जल संरचनाओं से 1000 गुना से भी अधिक जल संग्रहित किया जाएगा। वहीं अगर तीन निकायों में जल वितरण से तुलना करें तो पाएंगे कि जल वितरण की तुलना में 100 गुना अधिक जल वितरण के बराबर संग्रहित होगा। तीन निकायों में हर दिन 1 करोड़ 65 लाख जल वितरण किया जा रहा है। ग्रामीण विकास विभाग कार्यपालन यंत्री श्री मनोज धुर्वे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष अभियान में 25 नए अमृत सरोवरों से 2 लाख 50 हजार घन मीटर, 5 हजार खेत तालाबों से 1 करोड़ घन मीटर और 1200 सौ कुओं के रिचार्ज से 72 हजार घन मीटर जल वृद्धि यानी कुल 10 अरब 32 करोड़ 20 लाख लीटर जल निश्चित तौर पर संग्रहित होगा। यह जल इतना होगा कि तीन निकायों में 100 दिन से अधिक दिनों तक वितरण के बराबर होगा। बालाघाट में प्रतिदिन 1 करोड़ 3 लाख, वारासिवनी में 22 लाख और मलाजखण्ड में 40 लाख लीटर जल प्रतिदिन जल वितरण हो रहा है।

### जल गंगा संवर्धन हर स्तर पर जल संरक्षण के लिए महत्वपर्ण

मप्र शासन द्वारा 30 मार्च से प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान में पुरानी जल संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण के साथ ही नवीन जल संरचनाओं का निर्माण और बारिश से पूर्व पौधारोपण कर उन्हें बड़ा करने पर जोर दिया जा रहा है। इस अभियान में अब तक 3621 खेत तालाबों, 25 अमृत सरोवरों और 1130 कुओं के रिचार्ज करने का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। इसके अलावा नगरों व ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्त्रोतों के आस-पास श्रमदान कर जल संरक्षण की दिशा में कार्य निरंतर जारी है।